**जेबी अकादमी, अयोध्या**

**अर्धवार्षिक परीक्षा 2023-24**

**कक्षा- XII, विषय- हिंदी (आधार)**

**समय**- 3 घंटे **अधिकतम अंक**-80

**सामान्य निर्देश-**

- प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभक्त है । खंड 'अ' में वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, जबकि खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।
- खंड 'अ' के प्रश्नों के उत्तर के रूप में चार विकल्प दिए गए हैं । सबसे उचित विकल्प का सावधानी पूर्वक चयन करते हुए उत्तर दीजिए ।
- प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय देय होगा ।

***खंड 'अ'- वस्तुपरक प्रश्न***

**प्र.1. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (1x10=10)**

एक युवा अपने जोश और ताकत से पूरी तरह ओत-प्रोत होता है। युवा पीढ़ी किसी भी समाज और देश की रीढ़ की हड्डी होती है। किसी भी देश के युवा ही उस देश का भविष्य तय करते हैं। इसकी बानगी हम स्वाधीनता संग्राम में देख चुके हैं। युवा की सबसे बड़ी खासियत है कि वह फौलादी जिगर, दृढ़ इच्छा शक्ति, जोखिम लेने की क्षमता और कुछ नया करने की ललक रखते हैं। जब युवाओं की बात हो तो भला स्वामी विवेकानंद को कौन भूल सकता है, जो आज भी दुनिया के लाखों युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि युवा ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है। युवाओं को अवसर दिए बिना कोई भी देश प्रगति नहीं कर सकता है। आज भारत को हम सबसे युवा देश कह सकते हैं, वह इसलिए नहीं कि देश अभी-अभी आजाद हुआ है बल्कि इसलिए क्योंकि इस समय भारत में युवा वर्ग की जनसंख्या पूरे विश्व के देशों से अधिक है।

युवा की विशेषता यही है कि उसके काम में तेजी, फुर्ती और एक नया जोश है, उसमें ऊर्जा की भरमार है। पर हाँ, यह नहीं कि युवाओं से बड़े, जिन्हें हम बुज़ुर्ग कह सकते हैं, उनकी ज़रूरत नहीं है, ऐसा कहना उचित नहीं है। बुज़ुर्ग भी देश के विकास के लिए उतने ही ज़रूरी है, जितने युवा। इन दोनों के ताल-मेल से बड़े से बड़े कार्य को जल्द से जल्द और एक बेहतर तरीके से कर सकते हैं। बड़े-बुज़ुर्ग अपने अनुभव और युवा अपनी ऊर्जा का उपयोग कर देश को नई उपलब्धि दिला सकते हैं। पर देश का दुर्भाग्य ही समझो कि युवा और बुज़ुर्गों के ताल-मेल में कमी आ रही है। हमारी संस्कृति जिसमें इन युवाओं को अपने बुजुर्गों से सीखना चाहिए वे उनसे दूर होते जा रहे हैं। आज का आधुनिकीकरण दोनों वर्गों में जैसे दीवार बन गया हो।

अब वक्त आ गया है कि युवा सक्रिय राजनीति में प्रवेश करें क्योंकि हमारी राजनीति बूढ़ी हो गई है और यह हमारे देश की अपेक्षा को पूरा नहीं कर सकती। भ्रष्टाचार को लगाम लगाने के लिए युवाओं को अब तैयार होना होगा।

युवाओं को एक ज़िम्मेदार नागरिक बनना होगा। पढ़े-लिखे, ज़्यादातर युवा राजनीति से दूरी बनाए रखते हैं, लेकिन कमल तोड़ना है तो कीचड़ में उतरना ही होगा। ठीक उसी प्रकार राजनीति में आए बिना राजनीति को शुद्ध करना संभव नहीं है। अतः मैं चाहता हूँ कि युवा राजनीति में प्रवेश करें। तभी देश के संसाधनों का सही इस्तेमाल होगा और तब जाकर कहीं शोषित-वंचित वर्ग को उनका हक मिल सकता है।

अतः आज के युवाओं को अपनी ज़िम्मेदारी समझनी चाहिए और कोई भी काम व्यक्तिगत लाभ की बजाय समाज तथा देश हित में करना चाहिए। परिवार से समाज बनता है और समाज से देश बनता है। आज की युवा पीढ़ी का अपने परिवार की ओर उदसीनता देख मेरा मन काफी व्यथित होता है। माँ-बाप सीमित संसाधनों में भी अपने बच्चों को तमाम सुख सुविधा देने का भरसक प्रयास करते हैं, परंतु माँ-बाप का बोझ आज की हमारी युवा पीढ़ी नहीं उठा पा रही है। यह बड़े ही शर्म की बात है, जिसने हमारी दुनिया को सजाया हो उसे हम युवा वृद्धाश्रम में छोड़ आते हैं। उनकी कुछ बुनियादी ज़रूरतों को भी पूरा नहीं कर पाते। और अगर एक युवा इतना भी नहीं कर सकता तो वह युवा-पीढ़ी के लिए शर्म की बात है। अतः हमारे युवाओं को अपने परिवार के प्रति संवेदनशील और ज़िम्मेदार बनना ही होगा। मैं तो सोचता हूँ कि युवा पीढ़ी के रहते वृद्धाश्रम बनाना ही बड़े शर्म की बात है।

समाज में हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाना युवाओं की ही सामाजिक ज़िम्मेदारी है। अर्थात एक स्वस्थ समाज की संकल्पना तभी पूरी हो सकती है,जब हर युवा व्यक्ति ईमानदारी से अपने परिवार, समाज और देश के प्रति छोटी-छोटी जिम्मेदारियों को पूरा करेगा ।

**(i) भारत को 'युवा भारत' क्यों कहा जाता है?**

a. स्वतंत्रता प्राप्ति को अभी बहुत समय न होने के कारण
b. भारत की जनसंख्या विश्व में बहुत अधिक होने के कारण
c. भारत में युवाओं की संख्या अधिक होने के कारण
d. देश के विकास में युवाओं की सहभागिता अधिक होने के कारण

**(ii) युवा पीढ़ी को किसी भी देश की 'रीढ़ की हड्डी' क्यों कहा गया है?**

a. उसे दृढ़ता प्रदान करने की शक्ति के कारण
b. उसका भविष्य निर्माता होने के कारण
c. उसकी स्वतंत्रता की रक्षा करने के कारण
d. जोश और ताकत से ओत-प्रोत होने के कारण

**(iii) 'युवाओं को अवसर देने' से स्वामी विवेकानंद जी का क्या अभिप्राय था?**

a. देश की राजनीति में भागीदारी
b. देश के विकास में भागीदारी
c. देश की रक्षा में भागीदारी
d. देश की योजनाओं में भागीदारी

**(iv) देश के विकास के लिए युवाओं और बुज़ुर्गों के बीच तालमेल क्यों ज़रूरी है?**

a. युवाओं का जोश और बुज़ुर्गों का संयम देश को नई उपलब्धि दिलवा सकता है।
b. युवाओं की ऊर्जा और बुज़ुर्गों का अनुभव देश को नई उपलब्धि दिलवा सकता है।

c. युवाओं की गति और बुज़ुर्गों का प्रबंधन देश को नई उपलब्धि दिलवा सकता है।

d. युवाओं की फुरती और बुज़ुर्गों का धैर्य देश को नई उपलब्धि दिलवा सकता है।

**(v) युवाओं और बुज़ुर्गों के बीच बढ़ती खाई का कारण है—**

a. तकनीकी विकास

b. व्यस्त जीवन-शैली

c. पाश्चात्य संस्कृति

d. आधुनिकीकरण

**(vi) विवेकानंद जी की दृष्टि में युवाओं के लिए शर्म की बात क्या है?**

a. बड़े-बुज़ुर्गों की उपेक्षा

b. युवा-पीढ़ी की संवेदनहीनता

c. वृद्धाश्रम का बनना-बनाना

d. युवाओं का गैर-ज़िम्मेदार रवैया

**(vii) देश के युवाओं से राजनीति में प्रवेश करने का आग्रह करने के विषय में कौन-सा तर्क असत्य है?**

a. देश की राजनीति बूढ़ी हो गई है।

b. लोगों की अपेक्षाएँ अधूरी रह गई हैं।

c. देश की रक्षा करने के लिए।

d. देश में फैले भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए।

**(viii) 'कमल तोड़ना है तो कीचड़ में उतरना ही होगा' का आशय है —**

a. गंदगी को दूर करना है तो गंदगी में जाना ही पड़ेगा।

b. कमल को पाना है तो कीचड़ में पाँव रखना ही होगा।

c. कुछ अच्छा पाने के लिए गंदगी में पैर रखना ही पड़ता है।

d. देश में बदलाव लाने के लिए राजनीति का हिस्सा बनना पड़ता है।

**(ix) एक स्वस्थ समाज की संरचना के लिए आवश्यक है—**

a. अन्याय के खिलाफ़ आवाज़ उठाना

b. ईमानदारी से अपनी ज़िम्मेदारी पूरी करना

c. युवाओं और बुज़ुर्गों की सहभागिता

d. आधुनिक तकनीक का प्रयोग

**(x) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक है—**

a. आज की युवा पीढ़ी

b. युवा पीढ़ी और देश का भविष्य

c. युवा पीढ़ी की समस्याएँ

d. युवा पीढ़ी और बुज़ुर्ग

**प्र.2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर के दीजिए ।** **(1x1=5)**

माँ मेरे अकेलेपन के बारे में सोच रही है।
पानी गिर नहीं रहा पर, गिर सकता है किसी भी समय
मुझे बाहर जाना है और माँ चुप है कि मुझे बाहर जाना है।
यह तय है
कि मैं बाहर जाऊँगा तो माँ को भूल जाऊँगा
जैसे मैं भूल जाऊँगा उसकी कटोरी
उसका गिलास
वह सफेद साड़ी जिसमें काली किनारी है
मैं एकदम भूल जाऊँगा
जिसे इस समूची दुनिया में माँ
और सिर्फ़ मेरी माँ पहनती है
उसके बाद सरदियाँ आ जाएँगी
और मैंने देखा है कि सरदियाँ जब भी आती हैं
तो माँ थोड़ा और झुक जाती है
अपनी परछाईं की तरफ
ऊन के बारे में उसके विचार
बहुत सख्त हैं
मृत्यु के बारे में बेहद कोमल
पक्षियों के बारे में
वह कभी कुछ नहीं कहती
हालाँकि नींद में
वह खुद एक पक्षी की तरह लगती है
जब वह बहुत ज़्यादा थक जाती है
तो उठा लेती है सुई और तागा
मैंने देखा है कि जब सब सो जाते हैं
तो सुई चलाने वाले उसके हाथ
देर रात तक
समय को धीरे-धीरे सिलते हैं।
जैसे वह मेरा फटा हुआ कुरता हो
पिछले साठ बरसों से
एक सुई और तागे के बीच
दबी हुई है माँ
हालाँकि वह खुद एक करघा है
जिस पर साठ बरस बुने गए हैं।
धीरे-धीरे तह पर तह
खूब मोटे और गझिन और खुरदरे
साठ बरस

**(i) प्रस्तुत कविता का मूल भाव है—**

a. प्रगति के लिए रिश्तों में आए बिखराव की पीड़ा
b. सुविधा के लिए रिश्तों में आए बिखराव की पीड़ा
c. आधुनिक जीवन की विवशता
d. अपनों से बिछुड़ने की विवशता

**(ii) माँ की चुप्पी के कारण के विषय में कौन-सा कथन असत्य है?**

a. बेटे का अजनबी प्रदेश में जाना
b. अजनबी प्रदेश में बेटे का अकेलापन
c. बेटे का उससे बिछड़कर दूर जाना
d. अपने अकेलेपन की चिंता

**(iii) 'पानी गिरा नहीं पर गिर सकता है किसी भी समय' का आशय है—**

a. किसी भी समय वर्षा हो सकती है।
b. माँ की आँखों से कभी भी आँसू गिर सकते हैं।
c. माँ के सब्र का बाँध कभी भी टूट सकता है।
d. माँ की हिम्मत कभी भी ज़वाब दे सकती है।

**(iv) कवि की चिंता का मुख्य कारण है—**

a. बढ़ती उम्र में माँ का अकेलापन
b. बढ़ती उम्र में माँ का स्वास्थ्य
c. शहरी परिवेश में माँ को भूल जाना
d. शहरी परिवेश में जुड़ी चीजें भूल जाना

**(v) माँ सुई और तागे से क्या सिलने का प्रयास कर रही है ?**

a. बेटे के फटे कुरते को
b. समय की गति को
c. रिश्तों को
d. गरीबी को

**(अभिव्यक्ति और माध्यम के पाठों पर आधारित प्रश्न)**

**प्र.3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए-** **(1x1=5)**

**i.** भारत में इंटरनेट पत्रकारिता का दूसरा दौर कब आरंभ हुआ?

(अ) 2000 में (ब) 2003 में
(स) 2008 में (द) 2005 में

**ii.** उल्टा पिरामिड शैली में समाचार के ढाँचे का हिस्सा नहीं है?

(अ) इंट्रो (मुखड़ा) (ब) समापन
(स) सारांश (द) बॉडी

**iii.** समाचार के छः ककारों में शामिल नहीं है?

(अ) कब (ब) कितना

(स) क्यों (द) कैसे

**iv**. ऐसा सुव्यवस्थित, सृजनात्मक और आत्मनिष्ठ लेखन जिसका उद्देश्य पाठकों को सूचना देने और शिक्षित करने के साथ-साथ उनका मनोरंजन करना भी हो,..........कहलाता है ?

(अ) समीक्षा (ब) रिपोर्ट बनाना

(स) फ़ीचर लेखन (द) आलेख लेखन

**v**. बीट कवर करने वाले रिपोर्टर कहलाते हैं-

(अ) लेखक (ब) एंकर

(स) संपादक (द) संवाददाता

**(मुख्य पाठ्य पुस्तक व अनुपूरक पुस्तक)**

**प्र.4. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए- (1x1=5)**

मुझसे मिलने को कौन विकल?
मैं होऊँ किसके हित चंचल?
यह प्रश्न शिथिल करता पद को
भरता उर में विह्वलता है,
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है

**i.** मुझसे मिलने को कौन विकल? गीत का यह प्रश्न उर में क्या भरता है?

(अ) शिथिलता (ब) चंचलता

(स) विह्वलता (द) आश्चर्य

**ii**. "मैं होऊँ किसके हित चंचल" दिन जल्दी-जल्दी ढलता है. गीत का यह प्रश्न पैरों को कैसा कर देता है?

(अ) चंचल (ब) शिथिल

(स) विह्वल (द) उपर्युक्त सभी

**iii.** कवि के हृदय में कैसे भाव भरे हुए हैं?

(अ) शिथिलता (ब) चंचलता

(स) विह्वलता (द) उपर्युक्त सभी

**iv.** किसके बच्चे प्रत्याशा में हैं?

(अ) मनुष्य के (ब) मैना के

(स) चिड़िया के (द) शेरनी के

**v.** चिड़िया जब बच्चों के लिए भोजन लेने दूर निकल जाती है तो वापसी में उसके पंख कैसे चलते है?

(अ) धीरे-धीरे (ब) जल्दी-जल्दी

(स) बैठते हुए (द) भीगते हुए

**प्र.5.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए-(1x5=5)**

जब जीजी बाल्टी भरकर पानी ले गई, उनके बूढ़े पाँव डगमगा रहे थे, हाथ काँप रहे थे, तब भी मैं अलग मुँह फुलाए खड़ा रहा। शाम को उन्होंने लड्डू-मठरी खाने को दिए, तो मैंने उन्हें हाथ से अलग खिसका दिया। मुँह फेरकर बैठ गया, जीजी से बोला भी नहीं। पहले वे भी तमतमाई, लेकिन ज्यादा देर तक उनसे गुस्सा नहीं रहा गया। पास आकर मेरा सर अपनी गोद में लेकर बोली, "देख भइया रूठ मत। मेरी बात सुन। यह सब अन्धविश्वास नहीं है। हम इन्हें पानी नहीं देंगे तो इंद्र भगवान हमें पानी कैसे देंगे?" मैं कुछ नहीं बोला। फिर जीजी बोली, "तू इसे पानी की बर्बादी समझता है पर यह बर्बादी नहीं है। यह पानी का अर्घ्य चढ़ाते हैं, जो चीज मनुष्य पाना चाहता है उसे पहले देगा नहीं तो पाएगा कैसे? इसलिए ऋषि-मुनियों ने दान को सबसे ऊँचा स्थान दिया है।"

**i.** बाल्टी भरकर पानी लाते हुए जीजी की दशा कैसी दिख रही थी?

(अ) हाथ-पाँव जल्दी-जल्दी चल रहे थे

(ब) पाँव डगमगा रहे थे, हाथ काँप रहे थे

(स) हाथ-पाँव में छाले पड़ गये थे

(द) खुशी से झूम रही थी

**ii.** लेखक का मुँह क्यों फूला हुआ था?

(अ) क्योंकि जीजी पानी की बाल्टी भर कर लाई थी (ब) क्योंकि जीजी खाना खा रही थी

(स) क्योंकि जीजी इधर-उधर घूम रही थी (द) क्योंकि जीजी डाँट रही थी

**iii**. जीजी ने शाम को लेखक को खाने को क्या दिया?

(अ) गोल-गप्पे (ब) सब्जी-रोटी

(स) लड्डू-मठरी (द) छोले-भटूरे

**iv**. जीजी ने लेखक के पास आकर क्या किया?

(अ) लेखक को मारा (ब) लेखक का सर अपनी गोद में रखा

(स) लेखक को बुरा-भला कहा (द) लेखक को घर से निकाल दिया।

**v**. दान को सबसे ऊँचा-स्थान किसने दिया है?

(अ) ऋषि-मुनियों ने (ब) जीजी ने

(स) लेखक ने (द) पड़ोसियों ने

**(पाठ्यपुस्तक वितान के पाठ पर आधारित प्रश्न )**

**प्र.6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए- (1x10=10)**

**i.** 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के कथानायक का नाम क्या है?

A. यशोधर बाबू B. भूषण C. किशनदा D. चड्ढा

**ii.** यशोधर बाबू किसको अपना आदर्श मानते थे?

A. भूषण को B. किशनदा को C. अपनी पत्नी को D. अपने साले को

**iii.** यशोधर बाबू सर्वप्रथम किस पद पर नियुक्त हुए?

A. बॉय सर्विस B. क्लर्क C. सहायक क्लर्क D. सेक्शन आफ़िसर

**iv.** दफ्तर के बाबुओं को अपनी सिल्वर वैडिंग के लिए यशोधर बाबू ने कुल कितने रुपये दिए?

A. दस B. पंद्रह C. बीस D. तीस

**v.** लेखक की कक्षा के मॉनीटर का नाम क्या था?

A. वसंत पाटील B. चव्हाण पाटील C. मनोहर पाटील D. राव पाटील

**vi.** कहानी के शीर्षक 'जूझ' का अर्थ है-

A. संघर्ष B. चालाकी C. मेहनत D. कठिनाई

**vii.** 'जूझ' पाठ के रचयिता का नाम है-

A. फणीश्वर नाथ रेणु B. आनंद यादव C. धर्मवीर भारती D. मनोहर श्याम जोशी

**viii**. 'जूझ' उपन्यास मूलतः किस भाषा में रचित है?

A. मराठी B. गुजराती C. अवधी D. ब्रज

**ix.** यशोधर बाबू अपने बच्चों तथा पत्नी से क्या चाहते थे?

A. पैसा B. सम्मान C. अपमान D. मुक्ति

**x.** यशोधर बाबू मूलतः कहाँ के रहने वाले थे?

A. दिल्ली के B. आगरा के C. कुमाऊँ के D. मेरठ के

***खंड 'ब'- वर्णनात्मक प्रश्न***

**(अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

**प्र. 7. निम्नलिखित दिए गए तीन विकल्पों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक रचनात्मक लेख लिखिए । (6)**

(क) अयोध्या की बदलती तस्वीर (ख) इसरो के सच होते सपने (ग) जी-20 में भारत की भूमिका

**प्र.8. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों लिखिए।**

**(क)** एंकर-पैकेज से आप क्या समझते हैं? **(2x2=4)**

**(ख)** भारत में इंटरनेट पत्रकारिता के इतिहास के बारे में संक्षेप में लिखिए ।

**(ग)** पूर्णकालिक और फ्रीलांसर पत्रकार में क्या अंतर होता है?

**प्र.9. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए।**

**(क)** समाचार पत्रों में विशेष लेखन से आप क्या समझते हैं? उदहारण सहित लिखिए । **(3x2=6)**

**(ख)** आपको श्रोताओं, दर्शकों या पाठकों को बांधकर रखने की दृष्टि से प्रिंट माध्यम, टी.वी. और रेडियो में से सबसे सशक्त माध्यम कौन-सा लगता है? तर्क सहित उत्तर लिखिए ।

**(ग)** रेडियो (श्रव्य माध्यम) के लिए लेखन करने में कौ-कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए ?

**(पाठ्य पुस्तक आरोह भाग-2 पर आधारित प्रश्न)**

**प्र.10. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए ।**

**(क)** 'उड़ने' और 'खिलने' का कविता से क्या संबंध बनता है? **(3x2=6)**

**(ख)** 'कैमरे में बंद अपाहिज' करुणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता कैसे है-स्पष्ट कीजिए।

**(ग)** व्यक्ति पर झूठी प्रशंसा का क्या असर पड़ता है ? 'बात सीधी थी पर' कविता के आधार पर लिखिए।

**प्र.11.निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए ।**

**(क)** कविता के संदर्भ में 'बिना मुरझाए महकने के माने' क्या होते हैं? **(2x2=4)**

**(ख)** दूरदर्शन वाले कैमरे के सामने कमजोर को ही क्यों लाते हैं? 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के आधार पर लिखिए ।

**(ग)** 'जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास।' यहाँ कपास से बच्चों का क्या संबंध बन सकता है?

**प्र.12. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए ।**

**(3x2=6)**

**(क)** 'काले मेघा पानी दे' पाठ के आधार पर पानी और बारिश के अभाव में गाँव की दशा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

**(ख)** बाजार में भगत जी के व्यक्तित्व का कौन-सा सशक्त पहलू उभरकर आता है? क्या आपकी नज़र में उनका आचरण समाज में शांति स्थापित करने में मददगार हो सकता है?

**(ग)** "भक्तिन अच्छी है, यह कहना कठिन होगा क्योंकि उसमे दुर्गुणों का अभाव नहीं"- लेखिका ने ऐसा क्यों कहा होगा ?

**प्र.13. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए ।**

**(क)** कौन लोग बाज़ार का बाजारूपन बढाते हैं और कैसे? **(2x2=4)**

**(ख)** लोगों ने लड़कों की टोली की मेढक-मंडली नाम किस आधार पर दिया?

**(ग)** भक्तिन अपना वास्तविक नाम लोगों से क्यों छुपाती थी?

**(पूरक पुस्तक वितान पर आधारित प्रश्न)**

**प्र.14. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए ।**

**(क)** जूझ कहानी आपके जीवन को कैसे प्रभावित कर सकती है ? **(2x2=4)**

**(ख)** जूझ कहानी के आधार पर उस घटना का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए, जिससे पता चलता हैं कि लेखक की माँ उसके मन की पीड़ा को समझती थी ।

**(ग)** 'सिल्वर वैडिंग' कहानी में यशोधर बाबू को अपने बच्चों की आकर्षक आय 'समहाउ इम्प्रापर' क्यों लगती है ?

*****